BMW समेत 16 कार कंपनियों के नकली एयरबैग बना रहे थे शातिर, पुलिस ने तीन आरोपी किए अरेस्ट

दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे गैंग का भंडाफोड़ किया है, जो 16 जानी-मानी ब्रांडेड कार कंपनियों के नकली एयरबैग बनाकर बाजार में बेच रहे थे. आरोपियों के पास से 900 से ज्यादा नकली एयरबैग मिले हैं. मध्य दिल्ली डीएसपी एम हर्षवर्धन ने कहा कि कार्रवाई में 900 से ज्यादा एयरबैग मिले हैं. आरोपियों ने एक वर्कशॉप बना रखा था, जहां ये अलग-अलग ब्रांड एयरबैग बनाकर आगे सप्लाई करते थे. आरोपी जानी-मानी कंपनियों जैसे बीएमडब्ल्यू, wokswagon, kia, toyota, maruti Suzuki, mg समेत 16 ब्रांड के एयरबैग बना रहे थे.

पुलिस ने नकली एयरबैग बनाने वाले फैजान, मोहम्मद फराज और फुरकान को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक ये लोग 4 साल से नकली एयरबैग बना रहे थे और असली एयरबैग की आधी कीमत पर ये एयरबैग बेच रहे थे. दरअसल जिन लोगों की कारों के एयरबैग किसी दुर्घटना में खराब हो जाते थे, ऐसे लोग कम पैसे में ये एयरबैग खरीदते थे. पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले स्क्रैप का काम करते थे. फिर वो ये सीख गए कि एयरबैग कैसे बनाया जाए. दरअसल, एक्सीडेंट में एयरबैग खराब होने पर उसे रिपेयर कराना काफी महंगा होता है, ऐसे में आरोपियों ने तरकीब खोजी कि एयरबैग बनाकर उसमें किसी ब्रांड का लोगो लगाते थे और वर्कशॉप में बेच देते थे. आरोपी पूरे भारत में अलग-अलग वर्कशॉप में एयरबैग की सप्लाई कर रहे थे.

Source: https://www.aajtak.in/india/delhi/story/miscreants-making-fake-airbags-16-branded-car-companies-including-bmw-police-arrested-three-accused-ntc-1925662-2024-04-20